>

Title: Regarding Need to establish a Rice Research Institute in Bhandara-Gondiya Parliamentary Constituency, Maharashtra - Laid

श्री सुनील बाबूराव मेंढे (भन्डारा-गोंदिया): मेरे निर्वाचन क्षेत्र भंडारा - गोंदिया जिसे महाराष्ट्र का राइस बाउल कहा जाता है । यहां करीब 70 प्रतिशत क्षेत्र में चावल का उत्पादन होता है और जहां के किसान मुख्यतः चावल का उत्पादन करते हैं और अभी भी यह जिला पिछड़ा होने की वजह से यहां अभी भी पारम्परिक पद्धति से चावल बोया और उगाया जाता है । अतः कोई दूसरी मुख्य फसल नहीं है, लेकिन वहां अभी तक कोई राइस रिसर्च सेंटर नहीं है जिसकी अत्यन्त आवश्यकता है ।

मेरा माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन है कि वहां एक राइस रिसर्च इन्स्टीट्यूट बनाया जाये जिससे भंडारा गोंदिया के साथ नजदीकी जिले चंद्रपुर और गढ़चिरौली के किसानों को भी उचित लाभ मिलेगा और चावल के उत्पादन बढ़ाने और गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी जिससे किसानों की आय भी बढ़ेगी ।